## Headline

1. Nuh Shobha Yatra : अयोध्या से आए संतों को रोका, अनशन पर जगद्गुरू परमहंस आचार्य
2. Chandrayaan-3: 'चांद को घोषित किया जाए हिंदू राष्ट्र' -अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रपाणि महाराज
3. खौफनाक: कंप्यूटर के लिए तीन किशोरों ने किया दोस्त का अपहरण, रसगुल्ले की अंतिम इच्छा पूरी कर मार डाला
4. Terry Gou: फॉक्सकॉन के संस्थापक टैरी गोउ लड़ेंगे ताइवान के राष्ट्रपति का चुनाव
5. Murder: प्रेमी ने चावल से भरा कुकर किया खाली और प्रेमिका के सिर पर दे मारा
6. ISRO: 'पहले की सरकारों को इसरो पर विश्वास ही नहीं था', पूर्व वैज्ञानिक नंबी नारायणन का दावा
7. Bihar News : आरा में होटल मैनेजर की हत्या, घर लौट रहा था, अपराधियों ने मारी गोली; परिजन लगा रहे इन पर आरोप

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 53 | इंदौर, सोमवार 28 अगस्त, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सावन के अंतिम सोमवार को

## विशेष भस्मारती

# महाकाल के दर्शन को उमड़ा सैलाब



**इंदौर भी भगवान शिव की अराधना में डूबा, सुबह से मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन**

**शहर में आज छह यात्राएं निकलेंगी। हजारों भक्त होंगे शामिल**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर/उज्जैन। श्रावण मास के आखिरी सोमवार पर आज उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में विशेष भस्मारती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं दिनभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचेंगे। इधर, मां अहिल्या की नगरी इंदौर भी भगवान भोले की भक्ति डूब गई। उज्जैन में भगवान शिव के प्रिय श्रावण मास में बाबा महाकाल का आशीर्वाद पाने के लिए आज मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। प्रदेश के ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और मंदसौर के पशुपतिनाथ महादेव के दर्शन के लिए भी सुबह से भक्तों के पहुंचने के सिलसिला जारी है। आज मंदसौर में पशुपतिनाथ महादेव की शाही सवारी निकाली जाएगी।

### आठ रूपों में दर्शन देंगे बाबा महाकाल

श्रावण के आखिरी सोमवार पर आज सवारी में बाबा महाकाल आठ रुपों में दर्शन देंगे। अवंतिकानाथ, चंद्रमौलेश्वर, मनमहेश, शिवातांडव, उमामहेश, होलकर, घटाटोप, जटाशंकर और रूद्ररूप में भक्तों को बाबा महाकाल के दर्शन होंगे।

### सीएम शिवराज भी पहुंचेंगे महाकाल के दर्शन करने

श्रावण के आखिरी सोमवार पर आज प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचेंगे। इसके पहले वे श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर सपरिवार महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंचने थे। इसके बाद वे महाकाल की सवारी में भी शामिल हुए थे। 19 साल बाद आए 58 दिनी श्रावण मास के आठवें और अंतिम सोमवार को मां अहिल्या की नगरी इंदौर शिव आराधना में डूबी नजर आई। सुबह से लेकर शाम तक शहरभर से हर-हर महादेव का जयघोष करती छह यात्राएं निकलेगी। इसमें हजारों श्रद्धालु आस्था और उल्लास से शामिल होंगे। यात्रा में कई नवाचार भी नजर आएंगे। श्रावण मास का समापन 30 अगस्त को होगा।

### हिंदू संस्कृति रक्षा मंच

जलाभिषेक यात्रा सुबह 10 बजे बाणेश्वरी कुंड बाणगंगा से निकली। आयोजक अमरदीप सिंह मौर्य ने बताया कि यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई गुटकेश्वर महादेव मंदिर किला मैदान पहुंचेगी। मातृशक्तियां बाणेश्वर कुंड का जल लेकर आराध्य का अभिषेक करेंगी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया गया।

### नंदानगर स्थित विजयेश्वर महादेव मंदिर

सुबह 11 बजे भगवान विजयेश्वर महादेव की सवारी निकाली गई। अध्यक्ष हेमंत शिंदे व सचिव हरीश ओवे ने बताया कि सवारी रोड नंबर आठ स्थित मंदिर परिसर से प्रांरभ होकर अनूप टाकीज, पाटनीपुरा चौराहा से नंदानगर मेन रोड होते हुए तीन पुलिया से नंदानगर में प्रवेश कर पुनः मंदिर परिसर पर समाप्त होगी।

### भगवान नीलकंठेश्वर महादेव की सवारी

भगवान नीलकंठेश्वर महादेव की पालकी यात्रा सुबह 11 बजे प्रजापति नगर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से निकाली गई। यात्रा नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर संचालन समिति और प्रजापति नगर रहवासी संघ के तत्वावधान में निकली। क्रांति वाजपेयी ने बताया कि आयोजन की तैयारी बड़े स्तर पर की गई है।

### मंशापूर्ण महादेव की शाही सवारी

धरावरा धाम भक्त मंडल न्यास के तत्वावधान में धार रोड़ धरावरा धाम से मंशापूर्ण महादेव की शाही सवारी दोपहर 2 बजे निकाली जाएगी। आयोजन समिति के मुकेश ब्रजवासी ने बताया कि महंत शुकदेव दास महाराज के सान्निध्य में निकलने वाली सवारी में देवी-देवताओं की वेशभूषा में शामिल कलाकार आकर्षण का केंद्र होंगे।

### गुटकेश्वर महादेव की सवारी

गुटकेश्वर महादेव की सवारी किला मैदान से दोपहर 3 बजे निकाली जाएगी। यात्रा गुटकेश्वर धाम सदगुरु परिवार न्यास द्वारा निकाली जाएगी। इसमें शामिल लोगों को नशा न करने के लिए संकल्पित किया जाएगा। प्रमुख धीरज शुक्ला और चंद्रप्रकाश दुबे ने बताया कि सवारी होलकरकालीन स्वरूप में निकाली जाएगी। इसमें पुलिस बैंड भी शामिल होगा।

### पीपलेश्वर महादेव की पालकी

कालानी नगर विकास समिति एवं रहवासी संघ द्वारा द्वारा पीपलेश्वर महादेव की सवारी पीपलेश्वर महादेव मंदिर कालानी नगर से दोपहर 3 बजे निकाली जाएगी। मानसिंह कुशवार और रेखराज दीक्षित ने बताया कि यात्रा क्षेत्र का भ्रमण करेगी। विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत होगा। यात्रा के समापन के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

बाजारों में राखी की रौनक

# रुद्राक्ष, ब्रैसलेट और स्टोन की राखियों की मांग सबसे ज्यादा, 24 करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने की उम्मीद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रक्षाबंधन को लेकर शहर के बाजार में रौनक दिखाई देने लगी है। रक्षाबंधन को अब केवल 3 ही दिन बचे हैं। ऐसे में रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों से बाजार सजे हुए हैं। कोरोना काल के लगभग तीन साल बाद इस बार लोगों में रक्षा बंधन को लेकर जबरदस्त उत्साह है। शहर के आसपास के जिलों सहित अन्य प्रदेशों से भी लोग रानीपुरा स्थित थोक बाजार में राखियों की खरीदी के लिए पहुंच रहे हैं। इस बार बाजार में रुद्नाक्ष ब्रैसलेट और स्टोन की राखियों की मांग ज्यादा है। खासकर गुजरात की बनी राखियों की मांग अधिक है।**

राखी का करोबार करोड़ों रुपये का है। इंदौर के रानीपुरा, सियागंज और जेल रोड पर राखी का थोक व्यापार करने वाले व्यापारियों के अनुसार राखियों का लगभग 18 से 20 करोड़ रुपये का व्यापार होता है। शहर के थोक व्यापारी ग्राहकों की मांग पर विभिन्न तरह की राखियां दूसरे राज्यों से भी मंगाते है।

1947 से राखियों का व्यापार कर रहे व्यापारी मोहनलाल गेरा कहते हैं रानीपुरा, सियागंज और मारोठिया बाजार में होलसेल की करीब 105 दुकानें हैं, जहां से शहर के 300 किमी के एरिया में राखी बिकने जाती हैं। इंदौर के राखी व्यापारियों के अनुसार 2019 में लगभग 12 करोड़ का कारोबार हुआ था। कोरोना के कारण 2020 में कारोबार 2 से 3 करोड़ रुपए पर सिमट गया था। जिसके बाद 2021 में 16 करोड़ तो वहीं 2022 में 22 करोड़ रुपए का करोबार हुआ था। इस साल यह आंकड़ा 24 करोड़ से ज्यादा होने का अनुमान है।

मारोठिया बाजार में 43 साल से राखी व अन्य घरेलू सामाग्री का व्यापार कर रहे आयुष नीमा ने बताया कि राखियों का व्यापार जुलाई से ही शुरू हो जाता है। 80 प्रतिशत रिटेल कारोबारियों ने जुलाई के पहले सप्ताह से ही राखियों की बुकिंग और खरीदी शुरू कर दी थीं। 30 अगस्त तक 24 करोड़ रुपए का व्यापार होने का अनुमान है। अभी राखी में लगभग 8 दिन का समय बचा है और अब तक लग 18 से 19 करोड़ रूपए का कारोबार हो चुका है।



### समय के साथ बदल रही है डिमांड

राखी के बाजार में समय के साथ वैराइटी पैटर्न और डिजाइन की डिमांड बदलती जा रही है। शुभ-लाभ और स्वस्तिक से लेकर बच्चों के लिए कार्टून वाली राखियों की मांग बाजार में है। इंदौर के रानीपुरा में राखी की खरीदारी करने आने वाले अधिकतर ग्राहक गुजरात के सूरत-राजकोट से आई रुद्राक्ष ब्रेसलेट और स्टोन की राखियों के अलावा डायमंड (नग), मेटल वाली राखियों की मांग कर रहे हैं। इसके बाद ग्राहकों को सबसे ज्यादा पसंद आने वाली राखियों में रेशम और डायमंड वाली मेटल की राखियां शामिल हैं।

### स्टोन की राखियों की खूब हो रही बिक्री

बाजार में स्टोन की राखियों की खूब होने के साथ ही स्टाइलिश ब्रेसलेट, मोतियों, मेटल एवं भईया-भाभी राखी की भी डिमांड है। बच्चों के लिए बाजार में टैडी, छोटा भीम, डोरेमॉन सहित कई तरह के कार्टून की राखियां मौजूद है। रानीपुरा स्थित श्री गणेश ट्रेडिंग राखी कम्पनी के थोक विक्रेता कुनाल बताते है कि बाजार में थोक में एक रुपये लेकर 1200 रुपये तक राखीयों के दाम है। वहीं खुदरा में राखी पांच रुपये से लेकर 1500 रुपये तक की भी बिक रही है। रक्षा बंधन को लेकर तीन महीने पहले से तैयारी शुरू कर देते है। इस बार हमें सावन के महीने के साथ दो माह का वक्त मिला।

### चाइनीज राखियों से दूरी बना रहे लोग

इन दिनों बाजार में लोग रक्षाबंधन की खरीदारी करते नजर आ रहे हैं, जहां लोग अलग-अलग तरह की फैंसी राखियां पसंद कर रहे हैं, तो वहीं इस बार लोग चाइनीज राखियों से दूरी बना रहे हैं, जहां लोग देश में ही बनी राखियों को पसंद कर रहे हैं। साथ ही साथ सिंपल राखियों की डिमांड इस बार बढ़ गई है।

### 1 रुपए से 1200 रुपए दर्जन तक भाव

रानीपुरा क्षेत्र के व्यापारियों ने बताया कि राखी की हजारों तरह की डिजाइन बाजार में उपलब्ध हैं। इनकी कीमत इनमें इस्तेमाल होने वाले मटेरियल से लेकर पैकिंग तक से प्रभावित होती है। इस बार बाजार में लोगों के लिए राखी की कीमत 1 रुपए से लेकर 1200 रुपए प्रति दर्जन तक है। इंदौर के थोक बाजार रानीपुरा के आसपास के क्षेत्रों में कई लोग राखियां बनाने का काम भी करते हैं।

### हजारों डिजाइन की राखियां बाजार में

इस साल लगभग 3 से 4 हजार से अधिक डिजाइन की राखियां बाजार में हैं। यह 1 रुपए से 1200 रुपए दर्जन तक थोक भाव में बिक रही हैं। लाइट, म्यूजिक, बुटिक, चंदन, लकड़ी, रुद्राक्ष, मोती, रूबी और रंगबिरंगे पत्थरों को रेशमी धागे में पिरोकर बनाई गई राखियों के साथ ही चांदी और सोने जैसी दिखने वाली राखियां भी हैं। यह राखियां खेरची में 10 रुपए से लेकर 800 रुपए तक है।

## अब स्पीड पोस्ट से घर पहुँचेगा वोटर कार्ड

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर।** अब वोटर कार्ड के लिये आवेदन करने के बाद कलेक्ट्रेट और तहसील दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि अब घर बैठे स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाया जायेगा। पहले वोटर आईडी कार्ड पहुंचाने की जिम्मेदारी बीएलओ की हुआ करती थी, लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने डाक विभाग को यह जिम्मेदारी दी है। प्रदेश के सभी जिलों में अप्रैल माह से स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाये जायेंगे। इसके लिये वोटर्स को कोई फीस नहीं देना होगा। भारत निर्वाचन आयोग इसका खर्च उठायेगा। सिर्फ अब ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन वोटर आईडी बनवाने के लिये आवेदन करना होगा। ईपिक नंबर जनरेट होने के बाद घर कार्ड पहुंचा दिया जायेगा, लेकिन फॉर्म में सारी डिटेल्स सही भरना होगा। वोटर जो भी रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर फॉर्म में दर्ज करेंगे, उस पर स्पीड पोस्ट का मैसेज आयेगा। इससे कार्ड की ट्रेकिंग में आसानी होगी।




## कार रैली के माध्यम से रेड लाइट होने पर इंजन ऑन ऑफ करने के बताएं लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वच्छता के साथ ही शहर के वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश से नगर निगम इंदौर एवं इंदौर आरटीओ तथा यातायात विभाग के माध्यम से इंदौर एडवेंचरस वूमेन ग्रुप के सहयोग से कार रैली का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर रेड लाइट ओन इंजन ऑफ एवं वोटिंग अवेयरनेस हेतु नेहरू स्टेडियम से आयोजित कार रैली को कलेक्टर डॉ. इलैया राजा एवं निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री इलैया राजा एवं आयुक्त श्रीमती सिंह द्वारा उपस्थित जनों को स्वच्छता के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

नगर निगम इंदौर, इंदौर आरटीओ तथा यातायात विभाग के माध्यम से इंदौर एडवेंचरस वूमेन ग्रुप के सहयोग से आयोजित कार रैलीनेहरू स्टेडियम से प्रारंभ होकर मधु मिलन चौराहा, जवाहर मार्ग, राजवाड़ा, एमजी रोड, रीगल चौराहा, आरएनटी मार्ग होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम पर समाप्त हुई। रेड लाइट ओन इंजन ऑफ एवं वोटिंग अवेयरनेस हेतु आयोजित कार रैली के सभी उपस्थित प्रतिभागियों एवं उपस्थित रहवासियों को वाहन चलाते समय चौराहे पर रेड लाइट के समय शहर की वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से गाड़ी का इंजन बंद करने की समझाइश दी गई, एवं आम नागरिकों को वोटिंग अवेयरनेस के संबंध में भी प्रेरित किया गया।

डॉक्टर्स पर भगवान से ज्यादा भरोसा

## विद्यार्थियों को गुजरात के युवा विधायक हार्दिक पटेल ने दिए जीवन में सफलता के मंत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मालवांचल यूनिवर्सिटी इंडेक्स समूह संस्थान के विद्यार्थियों को शनिवारल को भाजपा के विधायक हार्दिक पटेल ने जीवन में सफलता के मंत्र बताए। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित विभिन्न गणमान्य नागरिक और शिक्षक उपस्थित थे। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज सभागृह में गुजरात के विधायक हार्दिक पटेलने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज भारत में एक अभूतपूर्व विकास देखने को मिला है। मैं आप युवा शक्ति से एक बात कहना चाहता हूं कि कोरोनाकाल के बाद अब भगवान से ज्यादा भरोसा व्यक्ति डॉक्टर्स पर करता है। मैं ऐसी युवा शक्ति का आभार मानता हूं जो आज इस स्वास्थ्य क्षेत्र के नए योद्धा के रूप में खुद को तैयार कर रही है। हमारे देश में आयुष्मान योजना से लेकर कई कल्याणकारी योजनाओं ने भारत की स्वास्थ्य सेवा की तस्वीर बदल दी।

इस अवसर पर जल संसधान मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ,कहा कि इंडेक्स समूह और चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया कि ओर से मैं विधायक हार्दिक पटेल का आभार मानता हूं वे इंडेक्स समूह में युवा शक्ति के बीच आए है। मेरा मानना है कि युवा शक्ति ही इस देश में परिवर्तन ला सकती है। इस अवसर पर स्वागत इंडेक्स समूह के डायरेक्टर आर एस राणावात,एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव,डीन डॉ.जीएस पटेल,डीन डॉ.सतीश करंदीकर,प्राचार्या डॉ.स्मृति सोलोमन,प्राचार्या डॉ.रेशमा खुराना डॉ.पूनम तोमर राणा और अमिता सिंह ने किया।

मंत्री के टिकट का विरोध

# महू में उषा ठाकुर की जगह 'अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार' की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **विधानसभा चुनाव के पहले इंदौर के बाद विरोध के सुर महू में भी उठने लगे हैं। महू में होर्डिंग लगाकर मंत्री उषा ठाकुर का विरोध भाजपाइयों ने शुरू कर दिया है। ठाकुर को बाहरी बताकर स्थानीय उम्मीदवार को टिकट देने की मांग की जा रही है।**

इससे पहले इंदौर के विधानसभा 1 में सुदर्शन गुप्ता, विधानसभा 5 में महेंद्र हार्डिया और राऊ में मधु वर्मा के विरोध के बाद महू विधानसभा सीट पर मंत्री उषा ठाकुर का विरोध शुरू हो गया है। डॉ. अंबेडकर नगर मंडल में बैठक लेने पहुंचे केंद्रीय मंत्री पहलाद पटेल पहुंचे तो होर्डिंग को लेकर पत्रकारों ने सवाल किया, लेकिन वह गोलमोल जबाव देकर हंसते हुए आगे निकल गए।

यह विरोध डॉ. अंबेडकर नगर मंडल में बैठक लेने पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के पहुंचने के पहले जताया गया था। भाजपा में प्रत्याशियों के नाम का ऐलान होने के बाद यह पहला मौका है जब किसी मंत्री का विरोध हो रहा है। पार्टी में विरोध करने वाले खुलकर तो सामने नहीं आ रहे लेकिन अंदरूनी हलचल मची हुई है। बताया जा रहा है कि विरोध करने वाले भाजपा संगठन के नेता ही हैं।

शनिवार देर रात महू शहर में 'अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार' के होर्डिंग लगा दी गई। होर्डिंग के नीचे किसी व्यक्ति या नेता के नाम के जगह भाजपा परिवार महू विधानसभा लिखा हुआ है। होर्डिंग लगने के बाद शहर सहित विधानसभा क्षेत्र में चर्चा गर्म है। क्षेत्रीय लोगों की मानें तो पिछले 15 दिनों से सोशल मीडिया पर स्थानीय उम्मीदवार का मुद्दा उठ रहा है।

## मायावती के ट्वीट पर बोले- ओछी हरकत

केंद्रीय मंत्री पहलाद पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश में हमें प्रचंड बहुमत चाहिए। कार्यकर्ता सम्मेलन से हमारा एक ही लक्ष्य है। पार्टी का कार्यकर्ता अपने विचार के लिए सतर्क रहे और अपने कार्य में लगा रहे हैं। हमको विजय अभियान की जरूरत है। लोकसभा के सदस्य को चुनकर मतदाता भेजता है। लेकिन राज्यसभा के लिए विधायकों की जरूरत होती है। मध्य प्रदेश कोटे के सभी पार्टी के विधायक राज्यसभा सांसद को चुनकर भेजें। मध्य प्रदेश सरकार अपना सदैव काम करती है। पीएम द्वारा दलित के साथ अत्याचार करने वाले मायावती के ट्वीट पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रविदास के सम्मान को इस घटना से जोड़ना ओछी हरकत है।

## जहां सेवा की, वहां फिर मौका मिले

अलग-अलग क्षेत्रों से तीन मर्तबा लड़कर चुनाव जीत चुकी पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर ने महू विधानसभा क्षेत्र से फिर चुनाव लड़ने के मुद्दे पर कहा कि भाजपा संगठन में कोई व्यक्ति न तो खुद अपना टिकट तय करता है और न घोषणा करता है। मैंने जहां जनता की सेवा की है, मैं फिर वहीं सेवा देना चाहूंगी। यह सब निजी स्वार्थों के कारण विधानसभा में उत्पात कर रहे हैं। चुनाव के बाद घर चले जाएंगे। जिनमें राष्ट्रप्रेम जागेगा वे भाजपा में आ जाएंगे। महू विधानसभा में 2008 से बाहरी उम्मीदवारों को ही भाजपा ने टिकट दिया है। यहां से दो बार कैलाश विजयवर्गीय विधायक रह चुके हैं। उनके बाद अब वर्तमान में मंत्री उषा ठाकुर महू से विधायक हैं।

## पीड़ित बच्चों को मिठाई, ट्रॉफी खिलाकर राखी बांधी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जरूरी नहीं है भाई ही बहन को रक्षा का वचन दे और बहन भाई को राखी बांधे। हम अगर किसी की रक्षा करने का वचन देते है, उसकी मदद करते है तो उसे राखी बांधकर पर्व मना सकते है ।ये कहना था डॉ . रजनी भंडारी का। अवसर था थैलीसीमिया बच्चो के साथ राखी मनाने का। वार्ड में भर्ती बीस बच्चो को संस्था के सदस्यों ने राखी बांधी और सभी को उपहार में बैग और पानी की बॉटल तथा मिठाई नमकीन, केक, बिस्किट और चॉकलेट दी गई। पुष्पा अग्रवाल, चंदा शर्मा सुषमा मलिक, पूर्णिमा राउत, पदमा विजयवर्गीय, प्रेरणा शेन्तरे, कांता अग्रवाल, फरीदा कौल, डॉ. रजनी भंडारी के साथ थीं। वार्ड के सभी स्टाफ को भी मिठाई बाटी गई।



# पीएम के आने से पहले तीर्थनगरी की दशा सुधारने के लिए प्लान

## मोरटक्का से ओंकारेश्वर तक 123 करोड में बनेगा फोरलेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा-ओंकारेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओंकारेश्वर आने से पहले बदहाल तीर्थनगरी की दशा सुधारने के लिए प्लान बनने लगे हैं। पीडब्लूडी और वन विकास निगम समेत दर्जनभर विभागों को सड़क, शंकराचार्य प्रतिमा के एरिया में प्लांटेशन और नगर परिषद को टूटे-फूटे स्थलों को रिपेयर व रंगाई-पुताई में लगा दिया जाएगा। अभी योजनाएं बनाने बड़े प्लानर आकर निर्देश दे रहे हैं।**

डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी समेत अफसरों के दौरे लगातार होंगे। बताते हैं कि पीएम के आदि शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण करने तक ओंकारेश्वर की खस्ताहालत सुधारने के लिए 1000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यहां तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव है। आचार संहिता से पहले बजट रिलीज करना होगा। बड़ी बात यह है कि ओंकार पर्वत परिक्रमा पर कुछ साल पहले वन विकास निगम ने पसीना बहाकर प्लांटेशन किया। चौकीदारी व पानी देकर पौधों को पेड़ बनाया। इन्हें भी कच्ची शराब बनाने व कुछ लोगों ने काट डाला। रविवार को फिर निगम के अफसरों की टीम ने शंकराचार्य की प्रतिमास्थल का दौरा किया। यहां पीएम के आने से पहले बड़ा प्लांटेशन किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ओंकारेश्वर से मोरटक्का तक फोर लेन रोड का काम जल्द शुरू करेगा। सनावद से कोठी तक की सड़क पर किसी की नजर नहीं है। चांद की तरह गड्ढे हो रहे हैं। फोरलेन के लिए विभाग द्वारा मार्गों को चिन्हित करते हुए निशान भी लगाने की तैयारी चल रही है। ब्रिज कापोर्रेशन गोदड़ी ओढ़कर यहां घी पीने जैसी कहावत चरितार्थ कर रहा है। नए बस स्टैंड से ब्रिज तक जोड़ने वाला काउंसलिंग मार्ग बनाया जा रहा है।

# सलकनपुर में श्रद्धालुओं पर भालुओं का हमला

## दो घायल, अस्पताल में भर्ती करवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर। सीहोर जिले के प्रसिद्ध सलकनपुर धाम पर रविवार सुबह श्रद्धालुओं पर भालू ने हमला कर दिया। इसमें दो श्रद्धालु घायल हो गए। घायल श्रद्धालु मंडीदीप के बताए जा रहे हैं। वे अपने तीन साथियों के साथ में सलकनपुर में मां बिजासन के दर्शन करने के लिए आए थे, तभी मंदिर के ऊपर सीढ़ियों पर भालू ने हमला कर दिया।**

जानकारी के अनुसार मंडीदीप निवासी गजेंद्र कुशवाह, आनंद एवं एक अन्य साथी रविवार को सलकनपुर में दर्शन करने के लिए आए थे। वे सीढ़ी मार्ग से ऊपर पहुंचे थे, तभी मंदिर के नीचे सीढ़ियों पर जंगल से आए दो भालुओं ने हमला कर दिया। भालू के हमले से वहां पर थोड़ी देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

### अवकाश पर बड़ी संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु

रविवार को अवकाश के कारण सलकनपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचते हैं। भालू ने गजेंद्र कुशवाह पर तेज हमला किया है। उनको टांके लगे हैं। आनंद के पैर में भालू ने हमला किया। जैसे ही भालुओं ने श्रद्धालु गजेंद्र एवं आनंद पर हमला किया तो थोड़ी देर के लिए वे भी कुछ समझ नहीं पाए।

बाद में वहां मौजूद लोगों ने शोर-शराबा करके भालुओं का भगाया और घायलों को रेहटी स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर डॉ एके नायर एवं उनकी टीम ने तत्काल घायल गजेंद्र कुशवाह एवं आनंद का इलाज शुरू किया। गजेंद्र कुशवाह पर तेज हमला है। फिलहाल उन्हें अस्पताल में ही रखा गया है।

### आज निकलेगी श्रावण मास की अंतिम महासवारी

**ओंकारेश्वर।** भगवान भोले की नगरी ओंकारेश्वर में श्रावण मास के आठवें सोमवार को ओंकारेश्वर भगवान की अंतिम महासवारी निकाली जाएगी। यह सवारी शाम 4 बजे मंदिर से निकलकर रात्रि 10 बजे वापस मंदिर पहुंचेंगी। भादव मास के दूसरे सोमवार 11 सितम्बर को भगवान ओंकारेश्वर पालकी में सवार होकर ओंकार पर्वत की परिक्रमा करेंगे। मंदिर ट्रस्ट के सहायक कार्य पालन अधिकारी अशोक महाजन ने बताया कि श्रावण मास की अंतिम महा सवारी 28 अगस्त सोमवार को निकलेगी। दो श्रावण होने से अबकी बार 8 सोमवार आने से 8 महासवारी निकली। यह योग 19 वर्ष में आया है।

### यूपी के चार युवकों को डूबने से बचाया

**ओंकारेश्वर।** श्रावण मास के चलते ओंकारेंश्वर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश भर से दर्शन और मां नर्मदा में स्नान के लिए पहुंच रहे है। शनिवार को उत्तरप्रदेश के चार युवक ओंकारेश्वर दर्शन के लिए पहुंचे। नर्मदा में स्नान के दौरान ये युवक गहरे पानी में चले गए जिससे वह डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने इन युवकों को तत्काल रेस्क्यू कर बचाया। कोटितीर्थ घाट पर श्रद्धालु स्नान कर रहे थे अचानक चार युवक नर्मदाजी में गहरे पानी मे स्नान करते करते चले गए। चिल्लाचोट होने पर घाट पर मौजूद तुकाराम केवट, आकाश केवट, विजयसिंह, हरेराम सोलंकी नगर सैनिक कैलाश बोरकरे ने चारों को बचा लिया। डूब रहे युवक अभिषेक, आयुष, दीप, अजयसिंह निवासी वातार्ला जिला बाँदा उत्तरप्रदेश के थे। ये ओंकारेश्वर दर्शन के लिए आये थे। घाट पर मौजूद लोगों ने बचाने वाले तैराकों प्रशंसा की।

# रेलवे ने 10 ट्रेनों को किया कैंसिल

## ◆बिलासपुर मंडल में किया जाना है तीसरी रेलवे लाइन बिछाने का काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल तीसरी रेल लाइन के कार्य किया जा रहा है, यह कार्य इन दिनों बधवाबारा स्टेशन के पास चल रहा है।**

इसलिए यहां से गुजरने वाली कुछ यात्री गाड़ियों को रेलवे ने निरस्त किया है। इसमें इंदौर बिलासपुर, शालीमार भुज और बलसाड़ पुरी एक्सप्रेस शामिल हैं। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता सूबेदार सिंह ने बताया कि जिन भी यात्रियों को टिकट निरस्त हुए हैं उन्हें नियमानुसार रिफंड दिया जाएगा।

### ये ट्रेनें हुईं निरस्त

- 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस 2 सितंबर को तथा गाड़ी संख्या 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस 5 सितंबर को निरस्त रहेगी।
- 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस दिनांक 2 सितंबर को तथा 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस 3 सितंबर को निरस्त रहेगी।
- 22909 बलसाड़-पुरी एक्सप्रेस 31 अगस्त एवं 7 सितंबर को तथा 22910 पुरी-बलसाड़ एक्सप्रेस 3 एवं 10 सितंबर को निरस्त रहेगी।
- 18233 इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस 1 से 7.सितंबर तक तथा 18234 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस 2 से 8 सितंबर तक निरस्त रहेगी।
- 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 30 अगस्त से 8 सितंबर तक तथा 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 1 से 10 सितंबर तक निरस्त रहेगी।

# बारिश थमी, गर्मी बढ़ी

## ◆जबलपुर-सागर में दिन का पारा 3 डिग्री चढ़ा, अगले 10 दिन ऐसा ही मौसम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में मानसून ब्रेक होने से गर्मी का असर बढ़ गया है। जबलपुर, सागर समेत कई जिलों में शनिवार को दिन के तापमान में 3 डिग्री तक की बढ़ोत दर्ज की गई। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन में तीखी धूप रही। अगले 10 दिन तक ऐसा ही मौसम रह सकता है। हालांकि, कुछ जिलों में हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।**

मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि प्रदेश में फिलहाल कोई नया सिस्टम एक्टिव नहीं है। इस कारण तेज बारिश का अनुमान नहीं है। नर्मदापुरम, इंदौर, विदिशा, सीहोर, रायसेन, भोपाल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, दमोह और सिवनी में बूंदाबांदी हो सकती है। 4-5 दिन बाद रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

### 24 घंटे में कैसा रहा मौसम

नर्मदापुरम, मलाजखंड, गुना, सतना, मंडला और जबलपुर में हल्की बूंदाबांदी हुई।

भोपाल में दोपहर तक तेज धूप खिली रही। इसके बाद बादल छाए रहे।

मंदसौर जिले में पिछले साल की तुलना में बारिश का औसत आंकड़ा करीब 20 इंच पिछड़ चुका है। बारिश को लेकर नए-नए टोटके और जतन भी किए जा रहे हैं। बारिश के लिए इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म में आए चैतन्य सिंह राजपूत की जीवित होते हुए शवयात्रा निकाली गई।

मंदसौर जिले में पिछले साल की तुलना में बारिश का औसत आंकड़ा करीब 20 इंच पिछड़ चुका है। बारिश को लेकर नए-नए टोटके और जतन भी किए जा रहे हैं। बारिश के लिए इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म में आए चैतन्य सिंह राजपूत की जीवित होते हुए शवयात्रा निकाली गई।

### ओवरऑल 10% कम बारिश

मध्यप्रदेश में औसत 26 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि अब तक 28.90 इंच बारिश होनी चाहिए थी। इस हिसाब से ओवरऑल बारिश का आंकड़ा 10% कम है। पूर्वी हिस्से में यह आंकड़ा 7% कम और पश्चिमी हिस्से में 13% कम है।



# संपादकीय

## फिर उठने लगी वर्षों से दबी मांग

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी और कानून-व्यवस्था से जुड़े सवालों के जवाब लोग चाहते हैं। ये दोनों मुद्दे आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनाव में प्रमुखता से उठाए थे। यह भी छिपी बात नहीं है कि भगवंत सिंह मान के सूबे की कमान संभालने के बाद वहां आपराधिक गतिविधियां बढ़ी हैं। वर्षों से दबी खालिस्तान की मांग एक बार फिर सिर उठाती देखी गई है। दरअसल, राज्यपाल मुख्यमंत्री से इसलिए खफा हैं कि वे उनके सवालों का जवाब नहीं देते। इस साल फरवरी में जब पंजाब सरकार ने स्कूलों के छत्तीस प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर भेजा था, तब भी राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से कड़ा सवाल पूछा था कि किस अधिकार से उन्होंने प्रधानाचार्यों को सिंगापुर भेजा। इसके जवाब में मुख्यमंत्री मान ने उनके राज्यपाल पद पर नियुक्ति को ही प्रश्नांकित कर दिया था। ऐसे ही तल्खी भरे बयान दोनों तरफ से जब-तब आते रहते हैं। अभी जब राज्यपाल ने राष्ट्रपति शासन की चेतावनी दी, तो मान ने प्रेस वार्ता करके कहा कि इन्हें कानून-व्यवस्था की समस्या सिर्फ पंजाब में दिखाई देती है। पड़ोसी राज्य हरियाणा के नूंह में किस तरह हिंसा हुई, किस तरह मणिपुर महीनों से जल रहा है, वह दिखाई नहीं देता। पंजाब के राज्यपाल की इस चेतावनी के बाद स्वाभाविक रूप से फिर एक बार राज्यपालों की नियुक्ति, उनके अधिकार क्षेत्र और कामकाज के तरीके पर सवाल उठने लगे हैं। विपक्षी दलों को एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधने का मौका मिल गया है। इस बहाने दूसरे राज्यों के राज्यपालों के मुख्यमंत्रियों से टकराव की सूची भी पेश की जाने लगी है। दरअसल, जबसे सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी केंद्र सरकार ने दिल्ली में चुनी हुई सरकार की शक्तियों को उपराज्यपाल के हाथों में केंद्रित करने का कानून बनाया है, तबसे न केवल आम आदमी पार्टी, बल्कि तमाम विपक्षी दल हमलावर हैं। अब पंजाब के राज्यपाल ने एक तरह से चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने की खुली धमकी दे दी है। यह अलग बात है कि राज्यपाल को यह फैसला लेते वक्त ठोस व्यावहारिक कारण बताने पड़ेंगे, मगर इससे यह ध्वनि गई है कि वे केंद्र सरकार के इशारे पर और पार्टी प्रवक्ता की तरह काम करते हैं। राज्यपाल जब सक्रिय राजनेता की तरह काम करने लगते हैं, तो ऐसे सवाल उठते ही हैं।

**अर्ज किया है..!**

*ख़ुदा से माँग जो कुछ*
*माँगना है ऐ 'अकबर'*
*यही वो दर है कि ज़िल्लत*
*नहीं सवाल के बा'द*

*-अकबर इलाहाबादी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

मैं आपसे प्रार्थना करूं ...कठिन पड़ेगा.. लेकिन अभ्यास करो तो फायदा... जो बात अब तुहारे बस की है ही नहीं उसका विचार करना छोड़ दो... यह हमारा जो चित्त है ना साहब ...ये तीन काम करता है....एक तो स्मृति संग्रह करता है ....दूसरा चिंतन करता है .... और तीसरा चिंता करता है.... चुनाव करे साधक कि तीन में से मुझे क्या करना है.... स्मृति हमेशा भूतकाल की होती है ....और चिंता हमेशा भविष्य की होती है ....चिंतन ही एक ऐसा है कि वर्तमान में हो सकता है .... और वर्तमान में जो चिंतन हम करते हैं वो यदि हम लाख करें तो भी हम चाहें ऐसा फल आने वाला नहीं..... तब इस चिंतन की चैनल बदल दो ...जो चिंतन नाम की चैनल चल रही थी हाथ में वो लेकर के सुमिरन की चैनल में बदल दो....सुमिरन करने लगो... विचार चले जाएं ...थोड़ा समय सुमिरन कर लो ......एकमात्र उपाय है सुमिरन कर लो..... मेरी युवान भाई-बहन कुछ भी करो और हमारे विचार से घटना घटने वाली है ही नहीं ...तब सिमरो हरि को..... तू सिमरन कर ...तेरी माला काम कर देगी ....मेरा तो अनुभव बोल रहा है ......

।। रामकथा ।। मानस समरथ ।।

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर-सपाटा

# रक्षाबंधन पर भाई-बहनों के साथ घूम आएं ये जगह, राखी बन जाएगी यादगार

भाई-बहनों का त्योहार राखी कुछ ही दिनों में आने वाला है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है, जिसके बाद भाई उसे तोहफा देता है। ये दिन हर भाई-बहन के लिए खास होता है। इस साल राखी 30 और 31 अगस्त को मनाई जाएगी। इस दिन आप अपने भाई बहनों के साथ घूमने-फिने का प्लान बना सकते हैं। यहां हम बता रहे हैं कुछ ऐसी जगहों के बारे में जहां आप अपने कजिन्स के साथ जा सकते हैं और दिन को यादगार बना सकते हैं।

### भाई बहनों के साथ घूमने की जगह



### ◆ गुलमर्ग

गुलमर्ग एक बेहद खूबसूरत जगह है, इसस धरती के स्वर्ग के नाम से भी जाना जाता है। प्राकृतिक सुंदरता के अलावा, आप गुलमर्ग में शांतिपूर्ण दिन और रात का मजा ले सकते हैं। अगर आप अपने भाई-बहनों के साथ स्कीइंग करना चाहते हैं तो इस राखी पर गुलमर्ग जाना एक अच्छी जगह हो सकती है।



### ◆ कोटागिरी

कोटागिरी दक्षिणी भारत के सबसे पुराने हिल स्टेशनों में से एक है। इस जगह के सुंदर नजारों को देखकर अपने भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। कोटागिरी दक्षिणी भारत के सबसे फेमस जगहों में से एक है, ये ऊटी से केवल 30 किलोमीटर दूर है। कोटागिरी में आप एल्क फॉल्स, कैथरीन फॉल्स, रंगास्वामी पीक और पिलर और लॉन्गवुड शोला जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### ◆ सेथन गांव

अगर आप बर्फ से ढके पहाड़ों को पसंद करते हैं या बर्फ से ढके स्थानों पर घूमना चाहते हैं, तो सेथन गांव जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। सेथन हिमाचल प्रदेश का एक छोटा सा गांव है, यहां आप ट्रैकिंग और आरामदायक सैर का मजा ले सकते हैं। आप अपने भाई-बहनों के साथ यहां होने वाली एक्टिविटीज का मजा ले सकते हैं।



### ◆ गिर

गिर के जंगल 2000 से ज्यादा एशियाई शेरों का घर हैं। राजसी शेरों के अलावा, आप कई अन्य जानवरों को यहां देख सकते हैं। जिनमें सूअर, लंगूर, सांभर, दलदली मगरमच्छ, लकड़बग्घा आदि शामिल हैं।



### ◆ ऋषिकेश

कैम्पिंग के लिए ऋषिकेश एक बेहतर डेस्टिनेशन है। आप भाई-बहनों के साथ राखी पर कैंपिंग का मजा ले सकते हैं। राखी की शाम यहां की गंगा आरती देखने जरूर जाएं।



## Highlights

1. Govt lists features of Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana accounts
2. 4 Dalit men hung upside down, beaten over goat, pigeons' theft in Maha, video surfaces
3. Security tightened in Nuh over VHP's rally; schools, banks shut
4. 6.75 lakh plant pots placed near G20 Summit venues in Delhi
5. Brahmaputra River crosses danger mark in Assam, video surfaces

# 'Impressive': Elon Musk reacts to list of India-origin CEOs of major MNCs

**NEW DElHI, (Agency).** A recent viral post on social media has caught the attention of X's boss Elon Musk. The post listed the chief executive officers of more than 20 major multinational companies, all of whom have Indian origins

Musk appreciated the list and replied by terming it "impressive". The list included:

• CEO of Alphabet (parent of Google): Sundar Pichai - Born in Madurai, Tamil, India

• CEO of Microsoft: Satya Nadella - Born in Hyderabad, India

• CEO of YouTube: Neal Mohan - Born in Lafayette, Indiana, USA to an Indian-origin family

• CEO of Adobe: Shantanu Narayen - Born in Hyderabad, India

• CEO of World Bank Group: Ajay Banga - Born in Pune, India

• CEO of IBM: Arvind Krishna - Born in Andhra Pradesh, India

• CEO of Albertsons: Vivek Sankaran - Born in India

• CEO of NetApp: George Kurian - Born in Kerala, India



• CEO of Palo Alto Networks: Nikesh Arora - Born in Ghaziabad, Uttar Pradesh, India

• CEO of Arista Networks: Jayshree Ullal - Born in London, England to an Indian origin family

• CEO of Novartis: Vasant Narasimhan - Born in Pittsburgh, USA to an Indian-origin family

• CEO of Starbucks: Laxman Narasimhan - Born in Pune, India

• CEO of Micron Technology: Sanjay Mehrotra - Born in Kanpur, India

• CEO of Flex: Revathi Advaithi - Born in India

• CEO of Wayfair: Niraj Shah -Born to an India-origin family

• CEO of Chanel: Leena Nair - Kolhapur, Maharashtra

• CEO of OnlyFans: Amrapali Gan (Indian-born) was replaced by Keily Blair in July

• CEO of Motorola Mobility: Sanjay Jha - Born in Bihar, India

• CEO of Cognizant: Ravi Kumar S -Born in India

• CEO of Vimeo: Anjali Sud - Born in Michigan, USA to an Indian-origin family

Opinions split among netizens

Nevertheless, the post faced scrutiny as the community notes of X flagged the post, accompanied by a comment saying that the CEO of YouTube is an American hailing from Indiana.

# Reliance AGM 2023 Live Updates: 46th annual general meet from 2pm. What to expect?

**NEW DElHI, (Agency).** Reliance Industries Limited's (RIL) 46th annual general meeting (AGM) will be held on Monday. The event will begin at 2pm, taking place through video-conferencing. It will also be live-streamed across various social media platforms, including YouTube.

Mukesh Ambani, MD and Chairman, RIL, will address the AGM, as will his children, Isha and Akash, who hold official positions in the conglomerate. While the trio will unveil RIL's business blueprint for the future, of particular interest will be announcements related to Future Retail and Jio IPOs (initial public offering) and 5G tariff options.



Reliance AGM 2023 Live Updates: Headquartered in Mumbai and founded by the late Dhirubhai Ambani in 1966, the conglomerate today has a revenue of $110 billion (according to Forbes). RIL has interests in petrochemicals, oil and gas, telecom and retail.

Reliance AGM 2023 Live Updates: "Investors eagerly anticipate the 46th AGM on with a focus on the timelines for a Reliance Retail business IPO, updates on digital initiatives, advancement of its numerous Clean Energy projects, and any additional information on Jio Financial Services (JFS)," says Aamar Deo Singh, Head Advisory, Angel One, to Mint (expert's individual opinion).

## New Delhi

# जलाभिषेक यात्रा: नूंह जाने वालों पर कड़ी नजर, 10 बड़े नाके... बज्र से लेकर आंसू गैस के गोले तक का इंतजाम

गुरुग्राम, (एजेंसी) ब्रजमंडल की जलाभिषेक यात्रा की अनुमति नूंह जिला प्रशासन की ओर से नहीं दी गई है। पुलिस महानिदेशक के साथ हुई बैठक के बाद कमिश्नरी की पुलिस ने सुरक्षा प्लान तैयार किया है। जिसे रविवार शाम पांच बजे से लागू कर दिया गया। पुलिस की ओर से तैयार किए गए प्लान के हिसाब से मानेसर और साउथ जोन में अलग-अलग प्वाइंट पर दस पुलिस नाके लाए गए हैं।

जहां से नूंह की ओर जाने वाले हर व्यक्ति पर नजर रखी जाएगी। पुलिस ने बज्र वाहन से लेकर आंसू गैस के गोले छोड़ने तक का इंतजाम किया है। कमिश्नरेट की पुलिस ने पहले ही साइबर सिटी के लोगों से अपील की है कि वह नूंह की ओर न जाएं। वहां के जिला प्रशासन की ओर से जलाभिषेक यात्रा पर किसी भी तरह की अनुमति नहीं दी गई है।



पुलिस की ओर से किसी भी बाहरी व्यक्ति को नूंह में प्रवेश न देने का निर्णय लिया गया है। सभी एसीपी को निर्देश दिया गया है कि वह अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी के साथ पुलिस नाकों पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही ट्रैफिक की जिम्मेवारी डीसीपी ट्रैफिक को दी गई है। किसी भी शरारती तत्व की ओर से धार्मिक स्थलों को निशाना न बनाया जाए इसके लिए शहर के सभी धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। हर थाना प्रभारी व एसीपी अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थल पर नजर रखेंगे। किसी भी स्थान पर मामला संदेहात्मक लगता है तो उसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आनी चाहिए।

सावन के आखिरी सोमवार को सर्व हिन्दू समाज की ओर से निकलने वाली जलाभिषेक यात्रा अब नूंह नहीं जाएगी। जिसके चलते लोगों को गुरुग्राम के प्राचीन बाबा प्रकाश पुरी मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए कहा गया है।

## Uttarpradesh

## संभल में सोते समय 2 लोगों की गोली मारकर हत्या, डबल मर्डर से इलाके में सनसनी

संभल, (एजेंसी) संभल जनपद के जुनाबई थाना इलाके में रविवार देर रात रंजिश के चलते घेर में चारपाई पर सो रहे दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। डबल मर्डर की सूचना से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर थाना पुलिस के साथ ही पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने पांच लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

थाना क्षेत्र के गांव लावर निवासी प्रताप की गांव निवासी जयपाल सिंह से पुरानी रंजिश चली आ रही है। रविवार रात को प्रताप सिंह और उमेश अपने घेर में सो रहे थे। देर रात करीब 2 बजे सोते समय दोनों को गोली मार दी। प्रताप की मौके परी मौत हो गई जबकि उमेश की हायर सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। डबल मर्डर की सूचना पर थाना पुलिस और पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत रात में ही गांव पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक प्रताप सिंह के परिजनों की तहरीर पर पांच लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि एक आरोपी जयपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीन अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम को भेजे जा रहे हैं।

## Rajasthan

## कोटा में दो और छात्रों ने की आत्महत्या

कोटा, (एजेंसी) कोटा में स्टूडेंट्स के आत्महत्या का सिलसिला थम ही नहीं रहा है। पढ़ाई के प्रेशर में स्टूडेंट्स यहां लगातार जान दे रहे हैं। रविवार को भी दो स्टूडेंट्स ने टेस्ट सीरीज में कम नंबर आने से तंग आकर आत्महत्या कर लिया। कोटा जिला कलेक्टर ने कोटा के सभी कोचिंग इंस्टिट्यूट में विद्यार्थियों के समय-समय पर लिए जाने वाले टेस्ट और परीक्षाओं पर अगले दो महीने तक रोक लगा दी है। बच्चों के मानसिक सम्मेलन और सुरक्षा की व्यवस्था के तहत यह फैसला लिया गया है। एएसपी भगवत सिंह हिंगड़ ने बताया ने बताया कि रविवार दोपहर को करीब तीन बजे लातूर (महाराष्ट्र) के रहने वाले आविष्कार संभाजी कासले (16) ने अपने कोटा में कोचिंग इंस्टीट्यूट की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर लिया। स्टूडेंट कोटा के तलवंडी इलाके में तीन साल से रह रहा था। वह यहां NEET की तैयारी कर रहा था।

## Uttarakhand

## देहरादून में अवैध मस्जिद, मदरसे सील करने की मांग; लोगों में आक्रोश, दक्षिणपंथी संगठनों का प्रदर्शन

**देहरादून, (एजेंसी) नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट डालकर देहरादून में माहौल को गरमा दिया। उन्होंने दावा किया कि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में लोगों को अपने घरों में इबादत करने की अनुमति नहीं है। फिर भी हमारे नेता कहते हैं कि भारत धार्मिक भेदभाव से मुक्त है।**

उमर अब्दुल्ला यहीं नहीं रुके। उन्होंने बाकायदा एक दक्षिणपंथी समूह के विरोध प्रदर्शन का जिक्र किया। वहीं दूसरी ओर दक्षिणपंथी संगठनों ने देहरादून में अवैध रूप से संचालित मस्जिद और मदरसों को सील करने की मांग उठा दी है।

अब गेंद प्रशासन के पाले में है कि वह मामले को कैसे डील करता है। हिंदू जागरण मंच ने आरोप लगाया कि एक आवासीय कॉलोनी के दो घरों को एक मस्जिद में बदल दिया गया है। दरअसल, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शिव कुमार बरनवाल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देहरादून में एक गृहस्वामी ने फ्लैट की छत 4-5 फुट ऊंची कर दी, दो फ्लैट के बीच की दीवार हटा दी और इसे मस्जिद-मदरसा के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।

## खेल

**नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास**

# विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने इतिहास रच दिया है। वह विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट के नेशनल एथलेटिक्स सेंटर में नीरज ने जेवलिन थ्रो इवेंट में 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। फाइनल में कुल छह अटेम्प्ट यानी राउंड होते हैं और नीरज ने दूसरे राउंड में ही 88.17 मीटर का थ्रो कर दिया था। इसके बाद से ही वह अंक तालिका में लीड बनाए हुए थे और अंत तक यह लीड कायम रहा।**



विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और डायमंड लीग में चैंपियन बनने वाला यह खिलाड़ी इस टूर्नामेंट से पहले सिर्फ विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ही स्वर्ण नहीं जीत पाया था, लेकिन अब उनकी झोली में इसका स्वर्ण पदक भी है। नीरज के छह अटेम्प्ट फाउल, 88.17 मीटर, 86.32 मीटर, 84.64 मीटर, 87.73 मीटर और 83.98 मीटर के रहे।

पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। वहीं, चेक रिपब्लिक के जाकुब वेदलेच ने 86.67 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ कांस्य पदक पर निशाना साधा। नीरज के साथ फाइनल में भारत के दो अन्य खिलाड़ी डीपी मनु और किशोर जेना भी थे। किशोर 84.77 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर और डीपी मनु 84.14 मीटर के बेस्ट

## सिनेमा

## 'जवान' से ज्यादा प्रभास की 'सालार' का क्रेज? रिलीज में 30 दिन बाकी, फिर भी बुकिंग में निकली आगे



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान का क्रेज इस समय बिल्कुल अलग लेवल पर है. साल के शुरुआत में शाहरुख की फिल्म 'पठान' ने ऐसा बिजनेस किया कि ये बॉलीवुड की सबसे बड़ी फिल्म बन गई. अब उनकी अगली फिल्म 'जवान' थिएटर्स में रिलीज होने के लिए तैयार है. ये फिल्म 7 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है. अभी तक मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी शेयर नहीं किया है. लेकिन सिर्फ एक प्रीव्यू वीडियो के दम पर ही फिल्म के लिए ऐसा माहौल बन गया है कि जनता सीधा फिल्म के लिए टिकट्स बुक करवाने को तैयार है. हालांकि इंडिया में 'जवान' की एडवांस बुकिंग भी शुरू नहीं हुई है. लेकिन विदेशों में कई लोकेशंस पर 'जवान' की एडवांस बुकिंग कुछ समय पहले ही खुल चुकी है. इंडियन फिल्मों के सबसे बड़े ओवरसीज मार्केट्स में से एक, USA में 'जवान' की एडवांस बुकिंग 8 अगस्त को ही शुरू हो गई थी. अभी तक फिल्म की एडवांस बुकिंग, शाहरुख की पिछली रिलीज 'पठान' के मुकाबले बहुत तेजी से चल रही है. रिलीज के दो हफ्ते पहले ही 'जवान' के लिए बुकिंग से हुआ ग्रॉस कलेक्शन, उससे ज्यादा हो चुका था जो 'पठान' की रिलीज से 5 दिन पहले था. लेकिन USA में शाहरुख की 'जवान' का जैसा क्रेज है, उससे भी ज्यादा भौकाल प्रभास का नजर आ रहा है. कैसे?

# सड़क हादसों में चार लोगों की मौत

## अलग-अलग इलाकों में हुई दुर्घटनाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में अलग-अलग थाना इलाकों में रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक सडक़ हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस न सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिये एमवाय अस्पताल भेजा है। इधर पुलिस सभी मामलो में जांच कर रही है।**

आजाद नगर इलाके में रामबख्श (35) पिता जोगेश्वर कनेरिया का शव जयराम तोलकांटे के यहां सोमवार सुबह 6 बजे के लगभग पड़ा मिला। पुलिसकर्मी सुबह शिवदर्शन नगर स्थित रामबख्श के घर पहुंचे तो पता चला कि वह रात भर से घर नहीं पहुंचा। इसके बाद भाई गणेश मौके पर पहुंचा और शव की शिनाख्त की। भाई के मुताबिक वह मजदूरी करता है। परिवार में 12 साल का बेटा और दो बेटियां व पत्नी है। रामबख्श मूल रूप से राजौरा ग्राम का रहने वाला है।

### अज्ञात वाहन ने ली जान

कनाडिय़ा इलाके में भी हादसे में घायल हुए एक प्रॉपर्टी ब्रोकर की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक वसीर (45) पिता मुंशी शेख को कनाडिय़ा ब्रिज के यहां पिछले शनिवार अज्ञात वाहन बाइक से जाते समय टक्कर मार दी। गंभीर हालत में एबुंलेस से वसीर को एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां रविवार को उनकी मौत हो गई। वसीर प्रॉपर्टी ब्रोकर था। परिवार में उसके दो बेटे और पत्नी है। पुलिस के मुताबिक अभी टक्कर मारने वाले वाहन की जानकारी सामने नहीं आई है।

### बुजुर्ग सहित एक अन्य ने भी दम तोड़ा

शिप्रा इलाके में रहने वाले बद्री पिता धन्नालाल निवासी राहुल गांधी नगर को डकाचिया में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। देर रात उपचार के दौरान बद्री की मौत हो गई। उन्हें परिचित विजय एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। वहीं 70 साल के महेश पिता छोगालाल निवासी बीजलपुर को राजेन्द्र नगर में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में महेश की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

# जहर खाकर दोस्त को किया कॉल

## अस्पताल लेकर पहुंचा तब तक मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मल्हारगंज इलाके में रहने वाले एक युवक ने रविवार दोपहर घर के पास जहर खा लिया। उसने जहर खाने के बाद दोस्त को कॉल किया। उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया। देर शाम यहां युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।**

मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक विनय (23) पिता किशोर राठौर निवासी इंद्रानगर को उसका दोस्त दीपक रविवार दोपहर एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां देर शाम उसने दम तोड़ दिया। दोस्त ने बताया कि विनय ने जहर खाने के बाद अपने कुछ दोस्तों को कॉल किये। दो दोस्तो ने कॉल नहीं उठाया तो तीसरे नंबर पर मुझे कॉल किया और बताया कि उसने जहर खा लिया है। इसके बाद दीपक ने विनय के भाई अंकुर को कॉल किया ओर जानकारी दी। दोनों मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए। पुलिस के मुताबिक अभी परिवार के बयान नहीं हो पाए हैं। विनय कपड़ा मार्केट में शॉप पर काम करता है। परिवार में भाई अंकुर एक बहन और माता-पिता हैं। पुलिस के मुताबिक परिवार के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### एक अन्य ने भी जहर खाकर दी जान

एमजी रोड इलाके में रहने वाले रिटायर्ड कॉलेज प्रोफेसर के बेटे ने भी जहर खाकर जान दे दी। देर शाम उसे अस्पताल लेकर आया गया। यहां उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक योगेश (45) पिता दतात्रय गडक़ निवासी सालवी बाखल को उनके पिता रविवार देर शाम अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उनकी मौत हो गई। योगेश का कुछ सालों पहले पत्नी से तलाक हो गया। जिसके बाद उन्होंने काम करना भी छोड़ दिया। बाद में वह तनाव में रहने लगे। संभवतः इसी कारण से उन्होंने यह कदम उठा लिया। योगेश के पिता दतात्रय होल्कर कॉलेज से रिटायर्ड प्रोफेसर हैं। एक बेटे राजू की करीब 20 साल पहले इलाके में ही हत्या हो चुकी है। परिवार में तीन बेटियां है। पुलिस के मुताबिक अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले में जांच की जा रही है।

# नशेड़ी ने छात्रों को डंडो से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रेलवे स्टेशन पर एक नशे में धुत्त बदमाश ने कुछ छात्रों के साथ मारपीट की। इसके साथ ही भोपाल परीक्षा देने जा रहे एक छात्र से दस हजार रूपए भी छीन लिए। घटना की शिकायत ग्वालटोली थाने में दर्ज कराई गई है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें आरोपी डंडे से छात्रों पर हमला करते हुए नजर आ रहा है। घटना शनिवार देर रात की है। जब देपालपुर का रहने वाला रोहित सोलंकी अपने अन्य मित्र आकाश,प्रहलाद और अमित सोनी के साथ भोपाल जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचा था। रोहिता का रविवार को भोपाल में का पिटिटिव एग्जान था इसलिए रात हो जाने के कारण उसके दोस्त उसे छोडऩे के लिए आए थे। जीआरपी थाने से थोड़ी ही दूर पर सभी रेलवे स्टेशन के बाहर ट्रेन का इंतजारकर रहे थे तभी नशे में धुत्त एक बदमाश आया और कहा कि मेरी फोटो खींच दो। जिसके बाद वो छात्रों से विवाद करने लगा बदमाश इतने अधिक नशे में था कि उसने हाथों में डंडा लिया और रोहित को मारना शुरू कर दिया इसके साथ ही रोहित की जेब में रखे दस हजार रूपए भी उसने छीन लिए। रोहित की ट्रेन कुछ ही देर में आने वाली थी इसलिए उसने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने की बजाय पहले भोपाल जाना उचित समझा। वहीं उसके साथियों ने रविवार को थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। यह कोई पहला मामला नहीं है जब रेलवे स्टेशन पर बदमाशों और आटो चालकों का इस तरह का विवाद देखने में आया हो इससे पहले भी कई बार यात्रियों के साथ आटो चालक और नशे में धुत्त बदमाश इस तरह की अभद्रता कते हुए नजर आ चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। शहर में जंहा एक ओर नशे के खिलाफ पुलिस चौराहे और सडक़ों पर चेकिंग करती नजर आ रही है वहीं रेलवे स्टेशन पर देर रात इस तरह की घटना सामने आने के से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पौने तीन सौ वारंटी पकड़ाए

**इंदौर**। शहर में अपराधों को रोकने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के बावजूद अपराध थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पुलिस की काबिंग गश्त में 270 वारंटी पकड़े गए। 27 ऐसे अपराधी हैं जो पुरानी लूट,चोरी की वारदातों में शामिल थे और फरार चल रहे थे। शनिवार रात को 10 बजे से 2 बजे तक अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस अपराधियों के घर पहुंची कई बदमाश घर पर सोते मिले। जोन 4 के अंतर्गत 9 थाना क्षेत्र में 50 वारंटी पकड़े गए। शराब बेचने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

# डकैती की साजिश रचते बदमाशों का पुराना रिकार्ड भी मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हीरानगर पुलिस ने डकैती की योजना बनाते पांच हथियारबदं बदमाशों को गिर तार किया है। ये पेट्रोल पंप को लूटने की प्लानिंग कर रहे थे। आरोपियो के कब्जे से एक देशी कट्टा,दो चाकू,लोहे की राड मिर्च पावडर एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है। सभी आरोपियों का पुराना आपराधिक रेकार्ड भी मिला है।

आपरेशन क्राइम कंट्रोल के तहत सक्रिय किए गए मुखबिर से हीरानगर पुलिस को सूचना मिली थी कि एमआर टेन ब्रिज के पास कुछ लोग बैठकर देशी कट्टा, चाकू, लोहे की राड एवं अन्य सामग्री के साथ पेट्रोल पंप को लूटने की बात कर रहे हैं। इस सूचना बाद पुलिस ने स्पाट पर घेराबंदी कर रोहित उर्फ पटेल बाबा पिता दुर्गेश पटेल, मेघदूत नगर,सुमित उर्फ लाला पिता बबलू अहिरवार,ईश्वर नगर,विशाल उर्फ टउआ पिता धर्मेन्द्र राजपूत,श्याम नगर,प्रीत पिता अशोक मालवीय,मेघदूत नगर और सुनील उर्फ छोटू पिता रतन तायड़े , मेघदूत नगर को पकड़ा। इन सभी आरोपियों का पुराना रिकार्ड मिला है। इनसे अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# घर के बाहर खड़े युवक को लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तेजाजी नगर में घर के बाहर खड़े युवक के साथ लूट की वारदात हो गई। सूरज पिता बाबू बागले निवासी अनुराधा नगर की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सूरज घर के बाहर अपने छोटे भाई का मोबाइल फोन देख रहा था उसी दौरान दो बाइक सवार उससे मोबाइल लूटकर ले गए। तेजाजीनगर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# भगवान भोले की भक्ति में डूबी मातृशक्ति

## उठाए कांवड़, उत्साह से निकाली यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भगवान भोलेनाथ की भक्ति के पवित्र श्रावण माह में अधिक मास होने के चलते पूरे दो माह तक विभिन्न धार्मिक आयोजन होते रहे हैं, वहीं सावन गमन में भी भगवान की भक्ति का उत्साह है। इसी कड़ी में रविवार को मातृ शक्तियों ने कांवड़ यात्रा निकाली। इस दौरान महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। नमामि नार्मदीय मातृ संगठन (क्षेत्र क्रमांक 2) के तत्वधान में इस वर्ष सावन माह के अंतिम ऋतु में शिव अर्पण के अभूतपूर्व पर्व पर तन मन से जुडऩे का एक प्रयास करते हुए बजरंग नगर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर से सुबह दस बजे भगवान पशुपतिनाथ का पूजन अर्चन कर कावड़ यात्रा निकाली गई। नंदानगर से होते हुए यह यात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया। परदेशीपुरा स्थित श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग पहुंची यात्रा में शामिल कावडिय़ों ने द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक किया। महाआरती और नर्मदा अष्टक पश्चात यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने फलाहार कराया गया। कावड़ यात्रा में छोटे-छोटे बच्चे भगवान भोलेनाथ बने हुए थे, वहीं कुछ बच्चों और नन्हीं बालिकाओं ने देवी का स्वरूप रखा था। देवी-देवता के रूप में शामिल बच्चे बग्घी में सवार थे, जो सभी के आकर्षण का केंद्र बने हुए थे।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।